भारत-गैबॉन संबंध

प्रलिम्स के लिये:

UNSC, NAM, ISA

मेन्स के लिये:

भारत- गैबॉन संबंध और उसका महत्त्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में गैबॉन के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया और भारतीय व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत की, साथ ही भारत ने गैबॉन को उसके **स्वतंत्रता दिवस (17 अगस्त)** पर बधाई दी।

- इससे पहले, भारत के उपराष्ट्रपति ने गैबॉन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने **दो MoUs (समझौता ज्ञापन)** पर हस्ताक्षर किये।

समझौता ज्ञापन क्या हैं :

- भारत और गैबॉन की सरकारों के बीच **एक संयुक्त आयोग** की स्थापना।
- राजनयिकों के प्रशिक्षण संस्थान, सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विसेज और गैबोनीज मिनिस्ट्री ऑफ फॉरेन अफेयर्स।
  - भारत ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय स्तरों पर **विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिये गैबॉन के साथ** काम करने के लिए हस्ताक्षर किया।

भारत-गैबॉन साझेदारी:

- **कूटनीतिक:**
  - भारत और गैबॉन के बीच **गैबॉन के स्वतंत्रता-पूर्व युग से ही मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध** रहे हैं।
  - भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति ने मई 2022 में अफ्रीकी राष्ट्र गैबॉन का दौरा किया,जो भारत की **पहली उच्च स्तरीय गैबॉन यात्रा** थी।
  - भारत और गैबॉन दोनों वर्तमान में **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)** के अस्थायी सदस्यों के रूप में कार्यरत हैं।
- **व्यापार एवं वाणिज्य :**
  - दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2021-22 में 1.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है।
  - गैबॉन से निर्यात के लिये भारत दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य है।
  - व्यापार क्षेत्र में, 50 से अधिक भारतीय कंपनियाँ गैबॉन **विशेष आर्थिक क्षेत्रों** में संलग्न हैं।
- **अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सहयोग:**
  - भारत और गैबॉन दोनों **गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM)** के सदस्य हैं।
    - NAM विकासशील दुनिया के लिये **प्रासंगिकता के मुख्यधारा के समकालीन मुद्दों** पर केंद्रित है।
  - गैबॉन विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर **भारत के हितों समर्थन** करता है।
    - भारत ने गैबॉन को वर्ष 2022-23 की अवधि के लिये **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य** के रूप में चुने जाने पर बधाई दी।
  - भारत ने **एज़ुलविनी सर्वसम्मति और सिर्ते घोषणा** में निहित आम अफ्रीकीयों की स्थिति का समर्थन किया है।
    - **एज़ुलविनी सर्वसम्मति** अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और **संयुक्त राष्ट्र के सुधार** पर एक समझौता है, जिस पर अफ्रीकी संघ द्वारा सहमति व्यक्त की गई है।
      - यह एक अधिक प्रतिनिधिमूलक और लोकतांत्रिक सुरक्षा परिषद का आह्वान करता है, जिसमें अफ्रीका भी विश्व के अन्य देशों की भांति, प्रतिनिधित्व करता हो।
    - **सिर्ते घोषणा (1999),** अफ्रीकी संघ की स्थापना हेतु अपनाया गया एक संकल्प था।
- **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन:**
  - **गैबॉन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन** समझौते पर **हस्ताक्षर** करने और इसकी **पुष्टि** करने वाले पहले देशों में से एक है।
  - भारत ने गैबॉन को उसके **नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त** करने के लिये **हर संभव मदद प्रदान** करने का आश्वासन दिया है।
    - गैबॉन ने वर्ष 2030 तक **100% स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त करने की योजना बनाई है।**
- **शिक्षा:**
  - कई गैबॉन नागरिक भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) और ICCR योजनाओं के तहत भारत द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अनुसरण करते हैं।
- **ऊर्जा सहयोग:**
  - भारत ने वर्ष 2021-22 में गैबॉन से लगभग 670 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कच्चा तेल आयात किया, जिससे यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकता के लिये महत्त्वपूर्ण भागीदार बन गया।
- **भारतीय डायस्पोरा:**
  - भारतीय समुदाय के लोग मूल रूप से **बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं, व्यापार, लकड़ी और धातु स्क्रैप के निर्यात में लगे हुए हैं।**
  - गैबॉन के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रवासी महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।
  - गैबॉन में भारतीय समुदाय ने भारतीय संस्कृति को जीवित रखा है और प्रमुख भारतीय त्योहार पूरे समुदाय द्वारा एक साथ मनाए जाते हैं।

आगे की राह

- अन्य क्षेत्रों में जैसे हरित ऊर्जा, सेवाओं, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में भारत-गैबॉन सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है।
- दोनों देशों को **निवेश आकर्षित करने के लिये अपनी आर्थिक साझेदारी को व्यापक बनाना चाहिये।**
- भारत से गैबॉन तक कृषि क्षेत्र में **ज्ञान हस्तांतरण जैसे कृषि में सहयोग की अपार संभावनाएँ हैं।**

स्रोत: बिज़नेस स्टैंडर्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-gabon-relations